अग्रवाल महाविद्यालय में अभिभावक–प्राध्यापक बैठक परम्परा को जारी रखते हुए आज भी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में यह बैठक हुई|. महाविद्यालय में प्रत्येक सेमेस्टर में ऐसी बैठक आयोजित की जाती है जिसका उद्देश्य प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के अभिभावकों के बीच सम्वाद स्थापित करना है|. आज दिनांक 23.10.2016 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ के प्रथम संभाग के सभागार में अभिभावक–प्राध्यापक बैठक का आयोजन किया गया जिसके संयोजक डॉ. के.एल.कौशिक थे. महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष बैठक में उपस्थित थे. इस बैठक में तीनों संभागों के लगभग 150 विद्यार्थियों के अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. इस बैठक में विद्यार्थियों की पढाई से संबंधित समस्याओं के बारे में अभिभावकों से उनकी राय व सुझाव लिए जाते हैं. विद्यार्थियों की प्रगति आख्या का विश्लेषण किया जाता है, उनकी अनुपस्थिति के कारणों पर विचार किया जाता है. इस बैठक में अभिभावकों ने कुछ सुझााव दिए और महाविद्यालय के अनुशासन, शिक्षा पद्धति और कार्य प्रणाली की प्रशंसा की. प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए बताया कि महाविद्यालय में आठ स्नातकोत्तर, 6 add-on-courses और 2 B.Voc. Courses की व्यवस्था है ताकि समय की बदलती माँग के अनुसार युवाओं को रोज़गार के अवसर उपलब्ध हो सकें. महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रतिदिन अनुपस्थिति की सूचना अभिभावकों को भेजी जाती है| और 11 बजे से पहले विद्यार्थियों को महाविद्यालय से बाहर जाने की अनुमति नहीं है. कॉलेज में प्रवेश करने के

लिए कॉलेज पहचान–पत्र धारण करना अनिवार्य है|. उन्होंने यह भी बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क अतिरिक्त कक्षाएँ लगाई जा रही हैं जिससे विद्यार्थी लाभ उठा सकते हैं. प्राचार्य जी ने अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ कुछ समय बिताने और मित्रवत् व्यवहार करने की प्राथमिकता पर ज़ोर दिया. बैठक के समापन पर अभिभावकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई.